ADFACTORS PR
Knowledge-driven communications

Published Date:	25 Aug 2018	Publication:	Chautha Sansar (Hindi)
Edition:	Indore	Page No:	3
MAV/CCM:	12716.2/20.51	Circulation:	25000

दिव्यांश और शिवम ने टीसीएस विज जीता रनर अप रहे संजय सिंह एवं कार्तिक तिवारी

इंदौर के लगभग 1000 स्कूली स्टूडेंट्स ने लिया भाग

इंदौर। प्रमुख आइटी सेवा, परामर्श तथा व्यावसायिक समाधानों की कंपनी टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज (टीसीएस) ने भारत के सबसे बड़े इंटर-स्कूल क्विज, टीसीएस आइटी विज का आयोजन किया। यूनिसिंटी ऑडिटोरियम, आइआइपीएस के निकट, डीएवीवी विश्वविद्यालय परिसर, खंडवा रोड, इंदौर में आयोजित इस क्विज में इंदौर के लगभग 1000 स्कूली स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस साल इंदौर संस्करण में शहर के बाहर भोपाल, देवास, सीहोर और उज्जैन की टीमों ने भी भाग लिया।

क्षेत्रीय फाइनल में पाँच राउंड की क्विज के बाद सागर पब्लिक स्कूल भोपाल के दिव्यांश कुलश्रेष्ठ और शिवम शुक्ला ने चैम्पियन का खिताब जीता। विजेता टीम को 60,000 रुपये के गिफ्ट वाउचर दिए गए। वहीं रनर अप के लिए संजय सिंह राजपूत एवं कार्तिक तिवारी सेंटपाल स्कूल को 40,000 रुपये क गिफ्ट वाउचर दिए गए। दोनों टीम को विशेष रूप से तैयार ट्रॉफी और मेडल भी प्रदान किए गए। 6 फाइनलिस्टों को टीसीएस द्वारा जिम बैग, ब्लूटूथ स्पीकर युक्त बहुउपयोगी म्यूजिक टॉर्च और टीसीएस50 पेन ड्राइव के साथ वायरलेस आउटडोर स्पीकर आदि विभिन्न प्रकार के पुरस्कार दिए गए। विजता इंदौर का नेशनल फाइनल्स में प्रतिनिधित्व करेंगे और भारत के अन्य 11 रीजनल चैंपियन्स से मुकाबला करेंगे। टीसीएस के वाइस प्रेसिडेंट और वितरण केन्द्र प्रबंधन एवं साझा सेवाओं के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख, आलोक कुमार ने अमिताभ तिवारी, वितरण केन्द्र प्रमुख, टीसीएस, इंदौर के साथ मिलकर पुरस्कार प्रदान किया।